>

Title: Need to construct Over Bridges and Under Bridges by Railways from their own funds without State's share and to construct the ROB/RUB in Dewas and Shujalpur city in Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): भारत के विभिन्न शहरों के मध्य से गुजरने वाली रेलवे लाइन की वजह से कई घण्टे रेलवे क्रासिंग बंद रहते हैं जिसकी वजह से उन शहरों का जनजीवन असामान्य हो जाता है।

इन रेलवे क्रासिंगों पर रेलवे ओवर ब्रिज अथवा रेलवे अंडर ब्रिज बनाने की प्रक्रिया का रेल मंत्रालय द्वारा पुर्नावलोकन करने की मांग वर्षों से कई सांसदों द्वारा की जा रही है, क्योंकि वर्तमान में यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल है, इसमें राज्य सरकारों से निर्माण राशि का 50 प्रतिशत देने का प्रावधान है लेकिन कई राज्य सरकारें इस कार्य को विशेष महत्व का नहीं मानती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार व रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि राज्य सरकारों द्वारा 50 प्रतिशत राशि मिलाने के वर्षों पुराने इस नियम में बदलाव लाएं एवं मेरे लोक सभा क्षेत्र के देवास शहर व शुजालपुर शहर में आर.ओ.बी. अथवा आर.यू.बी. बनाने की शीघ्रता से पहल करें।